No. of Printed Pages : 8 24647 **ECO-002**

# BACHELOR'S DEGREE PROGRAMME

## Term-End Examination, 2019

## ELECTIVE COURSE : COMMERCE

## ECO-002 : Accountancy-I

**Time : Two Hours]** **[Maximum Marks : 50**

**Weightage : 70%**

---

**Note :** Answer **any four** questions including **Question Number 1** which is **compulsory**.

---

1. Attempt **any two** questions from the following :[7+7=14]

   (a) Define Accounting and state its limitations.

   (b) Who are interested in accounting information ? What are their needs ?

   (c) State the most commonly used instruments of credit. Which are the various parties to a Bill of Exchange ?

   (d) What are the different types of cash books used in business ? Explain the use of any one of these.

2. (a) Identify the types of errors which are usually committed in the process of accounting. [4]

(b) Rectify the following errors assuming that a Suspense Account had been opened :

(i) A purchase of Rs. 8,000 from 'B' on credit was debited to him.

(ii) An amount of Rs. 300 received from Mr. C was debited to his account.

(iii) A credit sale of Rs. 500 to Ramesh was credited to his account.

(iv) A sale of Rs. 3,000 to Goel was debited to his account as Rs. 8,000.

Pass necessary rectifying journal entries. [8]

3. Rohan and Sohan entered into a contract to construct a building for Rs. 40,00,000. Rohan and Sohan contributed Rs. 20,00,000 and Rs. 15,00,000 respectively. They agreed to share profits and losses in the ratio of 4 : 3. It was decided that the work will be looked after by Rohan who will be paid 5 per cent commission on contract price in addition to his share of profits. Rohan purchased the

necessary materials for Rs. 32,00,000 and paid Rs. 90,000 for expenses. Rohan also contributed building materials from his own stock worth Rs. 2,00,000. Rs. 50,000 remained to be paid for wages. Sohan took over the stock of materials for an agreed valuation of Rs. 1,60,000. The building was completed and the contract money was duly received. Show the Joint Venture Account and Sohan's Account in the books of Rohan assuming that the outstanding wages were paid by Rohan. [12]

4. (a) Explain briefly the Self-Balancing System of Accounting. Also state its advantages. [6]

(b) What is Single Entry System ? Distinguish it from Double Entry System. [6]

5. (a) Distinguish between Capital Reserve and Revenue Reserve. [4]

(b) Mohan and Sons purchased a machine for Rs. 50,00,000 on April 1, 2013. The machinery was depreciated at 10 per cent under the straight line method. On April 1, 2016, they changed the method of depreciation from straight line method

to written down value method without changing the rate and effective from the beginning. Show the Machinery Account from April 1, 2013 to March 31, 2017. [8]

6. (a) Show how will you deal with the following items while preparing the final accounts of a non-trading concern : [4]

(i) Donation when purpose is not mentioned.

(ii) Receipts for Tournament Fund.

(b) From the following particulars, draw up a General Ledger Adjustment Account in the Debtors Ledger : [8]

| | Rs. |
|---|---|
| Opening Balance | 12,200 |
| Credit Sales | 37,200 |
| Cash received from Debtors | 20,050 |
| Sales Returns | 3,170 |
| Discount Allowed | 1,300 |
| Bad Debts Written-off | 3,710 |
| Allowances | 420 |
| Bills Receivable Received | 1,300 |
| Bills Receivable Dishonoured | 500 |

----- x -----

ई.सी.ओ.-002

# स्नातक उपाधि कार्यक्रम

# सत्रांत परीक्षा, 2019

## ऐच्छिक पाठ्यक्रम : वाणिज्य

## ई.सी.ओ.-002 : लेखा विधि-I

समय : 2 घण्टे

अधिकतम अंक : 50

कुल का : 70%

---

**नोट : किन्हीं चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए जिनमें **प्रश्न संख्या 1** शामिल हो क्योंकि यह **अनिवार्य** है।

---

1. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

[7+7=14]

(a) लेखांकन की परिभाषा दीजिए तथा इसकी सीमाओं का उल्लेख कीजिए।

(b) लेखा वार्ता में किनकी रुचि है ? उनकी क्या आवश्यकताएँ हैं ?

(c) अधिकतर उपयोग होने वाले साख-पत्रों का उल्लेख कीजिए। एक विनिमय पत्र के विभिन्न पक्ष (parties) कौन हैं ?

(d) व्यवसाय में उपयोग होने वाली विभिन्न प्रकार की रोकड़ बहियाँ कौन-सी हैं ? इनमें से किसी एक के उपयोग की व्याख्या कीजिए।

2. (a) लेखांकन की प्रक्रिया में की जाने वाली विभिन्न प्रकार की अशुद्धियों का उल्लेख कीजिए। [4]

(b) यह मानते हुए कि उचंत खाता (suspense A/c) खोला गया था, निम्नलिखित अशुद्धियों का जर्नल प्रविष्टियों द्वारा शोधन कीजिए :

(i) B से 8,000 रु. का किया गया उधार क्रय उसके खाते में डेबिट किया गया।

(ii) C से प्राप्त हुई 300 रु. की राशि उसके खाते को डेबिट की गयी।

(iii) रमेश को 500 रु. का उधार विक्रय उसके खाते में क्रेडिट किया गया।

(iv) गोयल को किया गया 3,000 रु. का विक्रय उसके खाते में 8,000 रु. से डेबिट किया गया।

[8]

3. रोहन तथा सोहन ने 40,00,000 रु. में एक भवन निर्माण का ठेका लिया। इसके लिए रोहन व सोहन ने क्रमशः 20,00,000 रु. तथा 15,00,000 रु. जुटाए। उन्होंने लाभ-हानि 4 : 3 के अनुपात में बांटने का निर्णय लिया। यह तय किया गया कि कार्य की

देखभाल रोहन द्वारा की जायेगी जिसके लिए उसे लाभ में उसके भाग के अलावा ठेका मूल्य पर 5% कमीशन के रूप में भुगतान होगा। रोहन ने 32,00,000 रु. की आवश्यक सामग्री का क्रय किया तथा 90,000 रु. व्यय के भुगतान किए। रोहन ने 2,00,000 रु. की भवन सामग्री अपने स्टॉक से प्रदान की। 50,000 रु. मजदूरी के देना शेष है। सोहन ने बचे हुए माल को 1,60,000 रु. के सहमत मूल्य पर स्वयं ले लिया। भवन निर्माण पूरा हुआ और ठेका मूल्य प्राप्त हो गया। रोहन की पुस्तकों में संयुक्त उपक्रम खाता तथा सोहन का खाता दिखाइए। यह मान लीजिए कि बकाया मजदूरी का भुगतान रोहन द्वारा किया गया। [12]

4. (a) लेखांकन की स्व-संतुलक खाता प्रणाली की संक्षेप में व्याख्या कीजिए तथा उसके लाभों का उल्लेख कीजिए। [6]

(b) इकहरी लेखा प्रणाली क्या है ? दोहरा लेखा प्रणाली से यह किस प्रकार भिन्न है ? [6]

5. (a) पूँजीगत संचय तथा आयगत संचय में अन्तर बताइए। [4]

(b) मोहन एण्ड संस ने 1 अप्रैल, 2013 को 50,00,000 रु. की एक मशीन खरीदी। मशीन पर सरल रेखा विधि के अनुसार 10 प्रतिशत की दर से मूल्यह्रास लगाया गया। 1 अप्रैल, 2016 को उन्होंने मूल्यह्रास की सरल रेखा विधि के स्थान पर ह्रासित मूल्य विधि को अपना लिया जो शुरू से ही लागू मानी जाएगी। मूल्यह्रास की दर में कोई परिवर्तन नहीं किया। 1 अप्रैल, 2013 से 31 मार्च, 2017 तक का मशीनरी खाता तैयार किया। [8]

6. (a) एक गैर–व्यापारिक संस्था के अंतिम खाते तैयार करते समय आप निम्नलिखित मदों को कैसे दिखाएंगे : [4]

(i) दान जिसका उद्देश्य नहीं बताया गया।

(ii) टूर्नामेंट फंड के लिए प्राप्त राशियाँ

(b) निम्नलिखित विवरण से देनदार लेजर में एक 'सामान्य लेजर समायोजन खाता' (G.L. Adj. A/c) तैयार कीजिए : [8]

| | रु. |
|---|---|
| प्रारम्भिक शेष | 12,200 |
| उधार विक्रय | 37,200 |
| देनदारों (debtors) से प्राप्त राशि (नकद) | 20,050 |
| विक्रय वापसी | 3,170 |
| अनुमत कटौती (discount allowed) | 1,300 |
| बट्टे खाते डाले गए डूबत ऋण (Bad Debts W/O) | 3,710 |
| भत्ते (allowances) | 420 |
| प्राप्त हुए प्राप्य बिल (B/R) | 1,300 |
| अनादरित हुए प्राप्य बिल (B/R) | 500 |

----- x -----